SAMAGRA PLUS

**ANNUAL EXAMINATION 2025**

**PRACTICE QUESTION PAPER**

**HINDI**

**Time : 1½ Hrs** **STD IX** **Score : 40**

* पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है।
  इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
* वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

**सूचनाः 'झटपट और नटखट' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

सर्दियाँ अभी शुरू नहीं हुई थीं। मौसम साफ़ था। चटकीली धूप निकली हुई थी। दोनों भाई मजे में दौड़ते चले गए। नाला पार किया। बाग पार किया। खेत पार किया। बरगद को भी पीछे छोड़ दिया। लेकिन पोखर तक पहुँचते–पहुँचते दोनों थक गए और रुक गए।

1. 'चटकीली धूप'– में विशेषण शब्द कौन–सा है? 1

2. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

   क) बरगद तक पहुँचते–पहुँचते दोनों बच्चे थक गए।

   ख) पोखर तक पहुँचते–पहुँचते दोनों बच्चे थक गए।

   ग) बाग तक पहुँचते–पहुँचते दोनों बच्चे थक गए।

   घ) खेत तक पहुँचते–पहुँचते दोनों बच्चे थक गए।

3. 'दोनों भाई मज़े में दौड़ते चले गए।' – क्यों? 2

**सूचनाः 'जब गाँधीजी की घड़ी चोरी चली गई थी' लेख का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

डिब्बे में बकरी के दूध से बना दही था और चम्मच हालांकि टूटा हुआ था, लेकिन उसके टूटे हत्थे पर लकड़ी की खपच्ची धागे से बाँध दी गई थी। वायसरॉय लॉर्ड माउण्टबेटन और उनकी पत्नी गांधीजी को देखते रह गए।

4. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

क) वह + का = उसके　　ख) वह + के = उसके

ग) वे + के = उसके　　घ) वे + का = उसके

5. 'वायसरॉय लॉर्ड माउण्टबेटन और उनकी पत्नी गांधीजी को देखते रह गए।'– क्यों? 2

6. मान लें, गांधीजी के साथ की पहली मुलाकात के बारे में वायसरॉय ने अपनी डायरी में लिखी। वह **डायरी** लिखें। 4

**सूचनाः नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें।** 1

7. मैं तुम्हें ले जाता हूँ।　　मैं तुम्हें ले जाऊँगा।

हम किसी तरह पहुँच जाते हैं।　　हम ................................।

**सूचनाः 'कब तक' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 8 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

कब तक जोहते रहोगे
अपनी पहचान जानने
के लिए दूसरे का मुँह
और कब तक आसरे में
रहोगे कि कोई आए
और तुम्हारे लिए

8. 'मुँह जोहना' – से तात्पर्य है– 1

क) प्रतीक्षा करना　　ख) प्रायश्चित करना

ग) प्रकट करना　　घ) प्रार्थना करना

9. समान आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

अपना परिचय जानने के लिए दूसरों का इंतज़ार नहीं करो। 2

10. कवि और कविता का आशय देते हुए **कवितांश का आशय** लिखें। 4

**सूचनाः 'राजा और विद्रोही' नाटक का यह अंश पढ़ें और 11 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

(पहला दृश्य)

राजेन : मैं तुम लोगों का राजा हूँ।

हेम : तुम राजा! क्यों?

राजेन : क्योंकि मैं तुम सबसे बड़ा हूँ।

हेम : मगर सिर्फ इसी बात से साबित नहीं होता कि तुम सबसे बलवान भी हो।

राजेन : क्या मेरी ताकत सबसे ज्यादा नहीं है? लड़ लें।

हेम : ठीक है।

11. 'राजा और विद्रोही' नाटक के रचयिता कौन हैं? 1

    क) मंगलेश डबराल  ख) रबीन्द्रनाथ ठाकुर

    ग) वंदना टेटे  घ) मुक्तिबोध

12. 'राजा और विद्रोही' नाटक के मंचीकरण की सूचना देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

**या**

'राजा और विद्रोही' नाटक में राजेन राजा की भूमिका निभाता है। नाटक का अनुभव बताते हुए अपने मित्र के नाम राजेन का **पत्र** लिखें।

13. कोष्ठक से सही शब्द चुनकर वाक्य को आगे बढ़ाएँ। 2

**(गौरव, जनता की)**

कवि लिख रहा है।

कवि गाथा लिख रहा है।

..............................................

............................................................

**सूचनाः 'बोनज़ाई' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।**

तुमने आँगन से खोदकर
मुझे लगा दिया सुंदर गमले में
फिर सजा लिया घर के ड्रायिंग रूम में
हर आने जाने वाला बड़ी हसरत से देखता है
और धीरे–धीरे मैं बोनज़ाई में तब्दील हो गई।

14. 'बोनज़ाई' किस विधा की रचना है? 1

15. सही मिलान करें। 4

| | | |
|---|---|---|
| घर के ड्रायिंग रूम में | – | मैं बोनज़ाई में तब्दील हो गई |
| आंगन से खोदकर | – | बोनज़ाई को सजा लिया। |
| बड़ी हसरत से | – | गमले में लगा दिया। |
| धीरे–धीरे | – | आने जाने वालों ने बोनज़ाई को देख लिया। |

**सूचनाः 'राजा और विद्रोही' नाटक का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

राजा : न्यायाधीश! ऐसे बदमाशों को तुम सज़ा क्यों नहीं देते?

न्यायाधीश : इसलिए कि न्याय इन्हीं के हाथ में है।
और इनके साथ पूरी सेना भी है। आप भी अब खामोश रहिए।
राजमुकुट उतार दीजिए। जनता की भीड़ में मिल जाइए।

16. 'ऐसे बदमाशों को तुम सज़ा क्यों नहीं देते? ' – यह किसका कथन है? 1

17. 'राजा और विद्रोही' नाटक में राजा की **चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी** लिखें। 4

या

इस प्रसंग पर **पटकथा का एक दृश्य** तैयार करें।

**सूचनाः 'राजा और विद्रोही' नाटक के आधार पर चार सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।** 4

18. क) राजा लड़ाई करना चाहते हैं।

ख) दरबारी कवि विजयी जनता की गौरव गाथा लिखता है।

ग) राजा लड़ाई करना नहीं चाहते हैं।

घ) जनता महाराज से लड़ना नहीं चाहते हैं।

ङ) अदालत में न्याय और अन्याय का फैसला होता है।

च) जनता महाराज से लड़ना चाहते हैं।

★ ★ ★ ★ ★

SAMAGRA

मूल्यांकन सूचक (Scoring Indicators)

# हिंदी

| क्रम संख्या | मूल्यांकन सूचक | स्कोर/ सूचक | कुल स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | चटकीली | 1 | 1 |
| 2 | पोखर तक पहुँचते-पहुँचते दोनों बच्चे थक गए। | 1 | 1 |
| 3 | विश्लेषण करके आशय समझकर उत्तर लिखा है।<br>विश्लेषण करके उत्तर लिखने का प्रयास किया है। | 2<br>1 | 2 |
| 4 | वह + के = उसके | 1 | 1 |
| 5 | विश्लेषण करके आशय समझकर उत्तर लिखा है।<br>विश्लेषण करके उत्तर लिखने का प्रयास किया है। | 2<br>1 | 2 |
| 6 | तारीख के साथ आत्मनिष्ठ भाषा में उत्तम पुरुष नज़रिए से मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है।<br>डायरी में उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्यमान हैं।<br>उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उत्तर में हैं।<br>लिखने का प्रयास किया है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 7 | हम किसी तरह पहुँच जाएँगे। | 1 | 1 |
| 8 | प्रतीक्षा करना। | 1 | 1 |
| 9 | समान आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखा है।<br>समान आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखने का प्रयास किया है। | 2<br>1 | 2 |
| 10 | कवि और कविता का संक्षिप्त परिचय देते हुए दी गई पंक्तियों का आशय उचित भाषा में प्रस्तुत किया है।<br>कवि और कविता का परिचय एवं आशय एक हद तक सही हैं।<br>कवि और कविता का परिचय और आशय आंशिक रूप से हैं।<br>आशय लिखने का प्रयास किया है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 11 | रबीन्द्रनाथ ठाकुर | 1 | 1 |
| 12 | संक्षिप्त वाक्यों में आकर्षक रूप संविधान के साथ पोस्टर तैयार किया है।<br>पोस्टर के उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्यमान हैं। | 4<br>3<br>2 | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | पोस्टर के उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से हैं।<br>पोस्टर तैयार करने का प्रयास किया है। | 1 | |
| 12* | स्थान, तारीख, संबोधन एवं स्वनिर्देश के साथ पत्र लिखा है।<br>उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्‌यमान हैं।<br>उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से हैं।<br>पत्र लिखने का प्रयास किया है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 13 | आशय समझकर वाक्य की सही पूर्ति की है।<br>वाक्य की पूर्ति आंशिक रूप से की है। | 2<br>1 | 2 |
| 14 | कविता। | 1 | 1 |
| 15 | घर के ड्रायिंग रूम में – बोनज़ाई को सजा लिया।<br>आंगन से खोदकर – गमले में लगा दिया।<br>बड़ी हसरत से – आने जाने वालों ने बोनज़ाई को देख लिया।<br>धीरे–धीरे मैं – बोनज़ाई में तब्दील हो गई। | 1<br>1<br>1<br>1 | 4 |
| 16 | राजा का कथन है। | 1 | 1 |
| 17 | आशय समझकर विश्लेषण करके शीर्षक के साथ उचित भाषा में टिप्पणी लिखी है।<br>एक हद तक उपर्युक्त अंश टिप्पणी में हैं।<br>उपर्युक्त अंश आंशिक रूप से टिप्पणी में हैं।<br>टिप्पणी लिखने का प्रयास किया है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 17* | दृश्य का विवरण, समय व स्थान का संकेत एवं पात्रों का ज़िक्र करते हुए संवाद जोड़कर पटकथा का दृश्य लिखा है।<br>उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्‌यमान हैं।<br>उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से विद्‌यमान हैं।<br>पटकथा लिखने का प्रयास किया है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 18 | राजा लड़ाई करना चाहते हैं।<br>दरबारी कवि विजयी जनता की गौरव गाथा लिखता है।<br>जनता महाराज से लड़ना नहीं चाहती है।<br>अदालत में न्याय और अन्याय का फैसला होता है। | 1<br>1<br>1<br>1 | 4 |